

## कोहली ने बताया, टीम में चुना जाना उनके लिए करियर का सबसे पसंदीदा पल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के अभी तक के चमकदार करियर में भले ही कितनी भी उपलब्धियां शामिल हों लेकिन बुधवार को उन्होंने कहा कि 2008 में राष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाना हमेशा उनके पसंदीदा पलों में शुमार रहेगा। कोहली इस समय टेस्ट और वनडे प्रारूप दोनों में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहां 'आउडी' कार लॉन्च कार्यक्रम के मौके पर कहा, 'वह पल जो मेरे लिए हमेशा विशेष रहेगा, वो भारतीय टीम में चुने जाने का था। मैं अपनी मां के साथ घर पर खबरें देख रहा था, मुझे कहीं से कोई खबर नहीं मिल रही थी और अचानक से मेरा नाम आया तो मुझे पता नहीं चला कि क्या करूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं हैरान हो गया, मुझे पता नहीं चल रहा था कि बैठ जाऊं, खड़ा हो जाऊं, दौड़ने लगूं या फिर कूदने लगूं। मुझे लगता है कि यही ऐसा क्षण रहेगा जो मेरा पसंदीदा पल होगा।' कोहली उस साल अंडर–19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान थे और इसी साल उन्होंने सीनियर टीम में जगह बनायी थी।

# नंबर 3 पर भी बल्लेबाजी करने को तैयार हैं धवन

**क्रिकेट**

## आस्ट्रेलिया ने पहले मैच में भारत को दस विकेट से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में केएल राहुल और उन्हें टीम में शामिल करने के लिए खुद चौथे नंबर पर उतरने का कप्तान विराट कोहली का फैसला गलत साबित होने पर भारत के नियमित सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा कि वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं। आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में भारत को दस विकेट से हराया। धवन ने मैच के बाद कहा ,''अगर मुझसे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए कहा जाएगा तो मैं तैयार हूं। देश के लिए कुछ भी कर सकता हूं।' उन्होंने कहा ,'आपको मानसिक रूप से मजबूत होना होगा और सभी खिलाड़ी मजबूत हैं । यही वजह है कि हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं।



यह सफर का हिस्सा है। कई बार क्रम बदलना पड़ता है।' धवन ने कहा कि तीसरे की बजाय चौथे नंबर पर उतरने का फैसला कोहली का अपना था । उन्होंने कहा ,'यह कप्तान का फैसला था। राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और उसने इस मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया। यह कप्तान की मर्जी है कि वह किस क्रम पर खेलना चाहते हैं। उन्होंने तीसरे नंबर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है और मुझे लगता है कि वह उसी क्रम पर खेलेंगे।' धवन ने मैच के बारे में कहा, ''हमने उन 10–15 ओवरों को अच्छी तरह से खेला था। जहां हमने चार विकेट गंवाये वहीं से मैच का पासा पलट गया। इसके बाद हम मैच में पिछड़ गये और फिर हमने उसकी भरपायी करने की कोशिश की। '' धवन से पूछा गया कि क्या भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा पर बहुत अधिक निर्भर है, उन्होंने कहा, ''देखिये यह एक बुरा दिन था। हमने वेस्टइंडीज के खिलाफ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था। तब सभी बल्लेबाजों ने अच्छा खेल दिखाया था। ''

### दूसरे वनडे में टीम से बाहर हुए ऋषभ पंत

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में विकेटकीपर ऋषभ पंत टीम का हिस्सा नहीं होंगे। मंगलवार को खेले गए पहले वनडे में उनके सिर पर गेंद लग गई थी जिसके बाद वह दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं उतरे थे। बताया गया है कि आखिरी वनडे में वह खेलेंगे या नहीं, इसपर फैसला उनकी प्रतिक्रिया के हिसाब से ही लिया जाएगा।

## इंडोनेशिया मास्टर्सः पीवी सिंधु दूसरे दौर में जबकि साइना, प्रणीत और श्रीकांत बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जकार्ता। विश्व चैंपियन पीवी सिंधु बुधवार को यहां जापान की अया ओहोरी पर संघर्षपूर्ण जीत के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गईं जबकि पूर्व चैंपियन साइना नेहवाल पहले दौर में उलटफेर का सामना कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। पुरुषों के एकल वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदकधारी बी साई प्रणीत, किदाम्बी श्रीकांत और सौरभ वर्मा की चुनौती भी समाप्त हो गई। पांचवीं वरीय सिंधु ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओहोरी पर 14–21 21–15 21–11 से जीत दर्ज की। सिंधु को दुनिया की 20वें नंबर की जापानी खिलाड़ी से अभी



तक हुई 10 भिड़ंत में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। ओहोरी पिछले हफ्ते भी मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में इस भारतीय खिलाड़ी से हार गई थीं। अब 24 साल की भारतीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान की सयाका ताकाहाशी से होगा जिन्होंने साइना को मात दी। पिछले साल इस टूर्नामेंट को जीतने वाली साइना का खराब दौर चल रहा है, उन्हें 50 मिनट तक चले मुकाबले में ताकाहाशी से 19–21 13–21 5–21 से हार का मुंह देखना पड़ा। लंदन ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली साइना पिछले हफ्ते मलयेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंची थीं। दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत को एक घंटे तीन मिनट तक चले मुकाबले में स्थानीय प्रबल दावेदार शेसर हिरेन रूस्तावितो से 21–18 12–21 14–21 से हार मिली। यह इस सत्र में श्रीकांत की शुरुआती दौर में लगातार दूसरी हार है। वह पिछले हफ्ते मलेशिया मास्टर्स के भी पहले दौर में बाहर हो गए थे।

प्रणीत का भी श्रीकांत की तरह मलयेशिया मास्टर्स के शुरूआती दौर में सफर समाप्त हो गया था। उन्हें आठवीं वरीयता प्राप्त चीन के शि यु कि से 21–16 18–21 10–21 से पराजय मिली जबकि सौरभ को चीन के लु गुआंग जू से 21–17 15–21 10–21 से हार मिली।

## न्यू जीलैंड दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम की अगुवाई करेगी रानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टार स्ट्राइकर रानी रामपाल 25 जनवरी से ऑकलैंड से शुरू हो रहे भारतीय महिला हॉकी टीम के न्यू जीलैंड दौरे पर 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। गोलकीपर सविता भारतीय टीम की उपकप्तान होंगी। दौरे पर पहला मैच 25 जनवरी को न्यू जीलैंड की युवा टीम से खेलना है।

इसके बाद 27 और 29 जनवरी को न्यू जीलैंड टीम से मुकाबले होंगे। भारतीय टीम चार फरवरी को ब्रिटेन से भी खेलेगी। वहीं दौरे का आखिरी मैच पांच फरवरी को न्यू जीलैंड से खेलना है।

भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'मैं इस दौरे का इस्तेमाल टीम के भीतर अधिक प्रतिस्पर्धा पैदा करने के लिये करूंगा। हम 20 खिलाड़ियों को लेकर जा रहे हैं लेकिन कुछ मैचों में 16 खिलाड़ियो को ही उतारेंगे क्योंकि ओलिंपिक में 16 सदस्यीय टीम ही होती है।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

## न्यूज डायरी



### अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेट मैच में पहली बार होंगी महिला थर्ड अंपायर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब एक महिला तीसरे अंपायर की भूमिका में होगी। वेस्टइंडीज की जैकलीन विलियम्स आयरलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टी–20 मैच में थर्ड अंपायर की भूमिका निभाएंगी। 43 साल की जमैकी की रहने वाली यह महिला सीरीज के तीनों मैचों में यह जिम्मेदारी निभाएंगी। सीरीज की शुरुआत बुधवार से हो रही है। आईसीसी ने जैकलीन के हवाले से लिखा है, 'मेरे लिए यह बड़े सम्मान की बात है और मैं पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैच में इस टीवी अंपायर के रोल के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। मैंने पुरुष मैचों में पहले भी अंपायरिंग की है लेकिन यह पहली बार होगा जब मैं पुरुषों के किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग करूंगी वह भी वेस्टइंडीज के।'

### नडाल, ओसाका को लॉरेस पुरस्कार में मिला नामांकन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल और नाओमी ओसाका को लॉरेस पुरस्कार के विभिन्न वर्गों में बुधवार को नामांकन मिला है। तीन बार के विजेता और विश्व नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के नडाल 'साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के पुरस्कार की दौड़ में है। इस वर्ग में उन्हें छह बार के फॉर्मूला 1 विश्व चौंपियन लुईस हैमिल्टन, छह बार के विश्व मोटोजीपी चौंपियन मार्क मर्केज और छह बार फीफा साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबालर का खिताब जीतने वाले लियोनेल मेसी से टक्कर मिलेगी। बर्लिन में 17 फरवरी को आयोजित होने वाले इस समारोह के लिए दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरा करने वाले पहले धावक इलिउड किपचोगे और द मास्टर्स के रूप में अपना 15वां मेजर चौम्पियनशिप जीतने वाले टाईगर वुड्स भी ' साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के पुरस्कार की होड़ में है।

### लोपेज ने दिन के दूसरे मैच में शीर्ष वरीय फोगनिनी को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। दिन में दूसरा मैच खेल रहे फेलिसियानो लोपेज ने बुधवार को यहां एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय और दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी फैबियो फोगनिनी को पराजित कर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। तीसरे वरीय कारेन खाचानोव आस्ट्रेलिया के जान मिलमैन से हारकर बाहर हो गये जबकि दूसरे और चौथे वरीय डेनिस शापोवालोव और जान इस्नर ने अंतिम आठ में प्रवेश किया। स्पेन के 38 साल के खिलाड़ी लोपेज उन कई खिलाड़ियों में शामिल रहे जिन्हें मंगलवार को बारिश की बाधा के कारण बुधवार को एक दिन में दो मैच खेलने के लिये बाध्य होना पड़ा। टूर्नामेंट के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी लोपेज ने इस तरह कोर्ट पर चार घंटे 25 मिनट का समय बिताया जिसमें केवल तीन घंटे का ब्रेक मिला। उन्होंने पाब्लो एंडुजार को 3–6 7–6 6–4 से मात देने के बाद तीन घंटे का आराम किया और फिर कोर्ट पर उतरकर फोगनिनी को 3–6 6–4 6–3 से शिकस्त दी।

### त्वेसा और अनन्या को पहले दौर में बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। त्वेशा मलिक और अनन्या दतार दोनों ने बुधवार को यहां एक ओवर 71 का कार्ड खेला जिससे वह हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के दूसरे चरण के पहले दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं। इस सत्र में पहले टूर्नामेंट में भाग ले रही त्वेशा ने दो तीन बर्डी और चार बोगी की जबकि अनन्या ने दो बर्डी और तीन बोगी की। त्वेशा और अनन्या ने नेहा त्रिपाठी (72) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जबकि सानिया शर्मा (74) चौथे स्थान पर है। त्रिमान सलुजा और सिद्दी कपूर (दोनों 74) संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। पुणे में पहले चरण की उप विजेता एमेच्योर प्रणवी उर्स ने पहले नौ होल में लचर प्रदर्शन किया जिससे उन्होंने पहले दौर में 75 का कार्ड खेला। प्रणवी, श्रीया विवेक और ईश्वरी प्रसन्ना संयुक्त सातवें जबकि अफसान फातिमा और ओविया रेड्डी संयुक्त दसवें स्थान पर हैं।